इसे बेवसाईट www.govtpress.mp.gov.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 328] भोपाल, सोमवार, दिनांक 26 अक्टूबर 2026—कार्तिक 4, शक 1948

विधान सभा सचिवालय, मध्यप्रदेश

कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा उपनिर्वाचन, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 26 अक्टूबर 2026 (कार्तिक 4, 1948)

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के
एक स्थान की पूर्ति हेतु उपनिर्वाचन

अधिसूचना

क्रमांक विधान-रा.स.निर्वा.-2026(1).- लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसरण में, मैं, उमेश कुमार शर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर, मध्यप्रदेश राज्य की विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा में निर्वाचित डॉ. एल. मुरुगन का स्थान, जिनकी पदावधि 02 अप्रैल, 2030, सहित उस तारीख तक थी, के समाप्त होने से पूर्व त्यागपत्र देने के कारण, दिनांक 14 अक्टूबर, 2026 से रिक्त हो गया है, को भरने के लिए निर्वाचन आयोग के पूर्वानुमोदन से समिति कक्ष क्रमांक-2 (एम-02), मध्यप्रदेश विधान सभा

भवन, भोपाल को ऐसे स्थान के रूप में नियत करता हूं जहां निर्वाचन आयोग की अधिसूचना क्रमांक 100/रा.स.-म.प्र./10/2026 (1), दिनांक 26 अक्टूबर, 2026 के अनुसरण में उक्त निर्वाचन के लिए मतदान होगा.

स्थान :– मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल

दिनांक :– 26 अक्टूबर, 2026 (कार्तिक 4, 1948)

उमेश कुमार शर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर.

OFFICE OF THE RETURNING OFFICER,

COUNCIL OF STATES BYE-ELECTION, MADHYA PRADESH

Bhopal, the 26th October, 2026 (Kartika 04, 1948)

Bye-Election by the elected Members of Madhya Pradesh Legislative Assembly to fill a vacancy in the Council of States.

NOTIFICATION

No.Vidhan-R.S.Nirva.-2026(1).-In pursuance of the provisions of sub-section (1) of Section 29, of the Representation of the People Act, 1951, I, UMESH KUMAR SHARMA, Returning Officer, to fill the seat of Dr. L. Murugan, in the Council of States, elected by the elected members of the Legislative Assembly of Madhya Pradesh, has become vacant on 14.10.2026 by the reason of his resignation, before the expiration of his term of office which was up to and including the 02.04.2030, hereby fix, with the previous approval of the Election Commission, the Committee Room No.2 (M-02) of the Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal as the place at which a poll shall be taken in pursuance of the Election Commission's Notification No. 100/ CS-MP/10/2026(1), dated the 26th October, 2026.

Place : Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal

Date : the 26th October, 2026 (Kartika 4, 1948)

UMESH KUMAR SHARMA, Returning Officer.

कार्यालय, रिटर्निंग ऑफिसर, राज्य सभा उपनिर्वाचन, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 26 अक्टूबर 2026 (कार्तिक 4, 1948)

निर्वाचन की सूचना

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के

एक स्थान की पूर्ति हेतु उपनिर्वाचन

क्रमांक विधान-रा.स.निर्वा.-2026(2).-एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि-

(1) मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के एक सदस्य का निर्वाचन होना है;

(2) नाम-निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक द्वारा दिनांक 02 नवम्बर,2026 से अपश्चात् (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11.00 बजे पूर्वाह्न और 3.00 बजे अपराह्न के बीच मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल में परिदत्त किये जा सकेंगे;

(3) नाम-निर्देशन पत्र के प्ररूप पूर्वोक्त स्थान और समयों पर अभिप्राप्त किये जा सकेंगे;

(4) नाम-निर्देशन पत्र संवीक्षा के लिए समिति कक्ष क्रमांक-2 (एम-02), मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल में दिनांक 03 नवम्बर,2026 को अपराह्न 2.00 बजे लिये जावेंगे;

(5) अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना, अभ्यर्थी या उसके प्रस्थापक या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा, जो अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिये लिखित में प्राधिकृत किया गया हो, ऊपर पैरा (2) में विनिर्दिष्ट ऑफिसरों में से किसी को उसके कार्यालय में दिनांक 05 नवम्बर,2026 को 3.00 बजे अपराह्न से पूर्व परिदत्त की जा सकेगी; तथा

(6) निर्वाचन लड़े जाने की दशा में दिनांक 12 नवम्बर,2026 को प्रात: 9.00 बजे और अपराह्न 4.00 बजे के बीच मतदान होगा.

स्थान :– मध्यप्रदेश विधान सभा भवन, भोपाल

दिनांक :– 26 अक्टूबर, 2026 (कार्तिक 4, 1948)

उमेश कुमार शर्मा, रिटर्निंग ऑफिसर.

OFFICE OF THE RETURNING OFFICER,

COUNCIL OF STATES BYE-ELECTION, MADHYA PRADESH

Bhopal, the 26th October, 2026 (Kartika 04, 1948)

NOTICE OF THE ELECTION

Bye-Election to the Council of States by the elected Members of Madhya Pradesh Legislative Assembly to fill a vacancy in the Council of States.

No.Vidhan-R.S.Nirva.-2026(2).- Notice is hereby given that-

(1) an election is to be held for one member to the Council of States by the elected members of the Madhya Pradesh Legislative Assembly ;

(2) nomination papers may be delivered by Candidate or his proposer to the Returning Officer or to the Assistant Returning Officer at Committee Room No.2 (M-02) of the Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal between 11.00 a.m. and 3.00 p.m. on any day (other than a public holiday) not later than the 02nd November, 2026;

(3) forms of nomination paper may be obtained at the place and times aforesaid;

(4) the nomination papers will be taken up for scrutiny at 2.00 p.m. on the 03rd November, 2026 at the Committee Room No. 2 (M-02) of the Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal;

(5) notice of withdrawal of candidature may be delivered by the candidate or his proposer or his election agent, who has been authorised in writing by the candidate to deliver it, to either of the Officers specified in paragraph(2) above at his Office before 3.00 p.m. on the 05th November, 2026; and

(6) in the event of the election being contested the poll will be taken on the 12th November, 2026 between the hours of 9.00 in the morning and 4.00 in the afternoon.

Place : Madhya Pradesh Vidhan Sabha Bhawan, Bhopal

Date : the 26th October, 2026 (Kartika 4, 1948)

UMESH KUMAR SHARMA, Returning Officer.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित–2026.